दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
बर्षः- 04
अंकः- 183
मुरादाबाद
(Wednesday)
23 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सिल्क एक्सपो 2024: सीएम योगी बोले- यूपी की प्रगति संतोषजनक पर संभावनाओं को देखते हुए ये पर्याप्त नहीं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सिल्क एक्सपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक है पर यहां की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक नारा हमेशा प्रचलित रहा है, रोटी कपड़ा और मकान। कपड़ा जीवन की आवश्यकता है और किसान की आमदनी बढ़ाने के



साथ रोजगार का सशक्त माध्यम है। यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक हो सकती है लेकिन यूपी की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। सिल्क एक्सपो भी इसका माध्यम बने इसलिए आह्वान करूंगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को लखनऊ के इंदिरानगर में सिल्क एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर वाराणसी और भदोही के आसपास आजमगढ़ से मुबारकपुर तक के कई जिलों में सिल्क क्लस्टर डेवलप करने के लिए केंद्र ने कदम बढ़ाए हैं। काशीधाम बनने के बाद बनारसी साड़ियों की मांग में बहुत वृद्धि हुई है।

पीएम मित्र पार्क टेक्सटाइल पार्क एक हजार एकड़ में विकसित होने जा रहा है लेकिन कच्चा माल हमें ही तैयार करना होगा। किसान के लिए असीम संभावनाएं हैं। बस्ती, गोरखपुर और देवीपाटन सही कई मंडलों में रेशम उत्पादन बढ़ेगा। यूपी का क्लाइमेट जोन अलग अलग है। ऐसे में यहां हर तरह के रेशम उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं। अगर बनारसी साड़ी सहित अन्य रेशम उत्पाद को प्रदेश में सस्ता कच्चा माल मिलेगा तो बहुत विकास होगा। मार्केटिंग से लेकर डिजाइनिंग तक के लिए सरकार आपके साथ है।

उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अपने परंपरागत उत्पाद के लिए नई पॉलिसी बनाई, जिसे एक जिला एक उत्पाद का नाम दिया। सरकार ने इसे उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिजाइनिंग से जोड़ा है।

यूपी में 75 से ज्यादा उत्पादों को जीआई टैग मिला है। पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश यूपी के पारंपरिक उत्पादों को झेलना पड़ा। आज अलग जिलों के अलग उत्पाद ग्लोबल प्लेटफार्म में यूपी की पहचान मजबूत कर रहे हैं। सिल्क क्लस्टर यूपी में बनाना होगा। किसानों को रेशम मित्र के रूप में पहचान दिलाएंगे। सरकार हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। रेशम पारंपरिक तकनीक पर है लेकिन तकनीक के साथ खुद को बदलना पड़ेगा। चरखा अब बिजली का आ गया है। रेशम के उत्पादों को जब प्रोसेसिंग से जोड़ रहे हैं तो आधुनिक तकनीक की मदद लेनी पड़ेगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### बहराइच हिंसा में बुधवार तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक, आरोपियों की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने अदालत से कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले पर विचार किया है और नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया है।उच्चतम न्यायालय बहराइच हिंसा के तीन आरोपियों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा। तब तक सुप्रीम कोर्ट ने ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगा दी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को बुधवार तक कोई कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया है। दरअसल आरोपियों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी ध्वस्तीकरण नोटिस के खिलाफ याचिका दायर की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी यू सिंह ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए तत्काल सुनवाई किए जाने की अपील की। वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने नोटिस का जवाब देने के लिए केवल तीन दिन का समय दिया है।%सिंह ने कहा कि याचिकाकर्ता संख्या-एक के पिता और भाइयों ने आत्मसमर्पण कर दिया है और नोटिस कथित तौर पर 17 अक्टूबर को जारी किए गए हमने रविवार को सुनवाई का अनुरोध किया था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।% उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने अदालत से कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मामले पर विचार किया है

## भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की छठी बैठक शुरू:राजनाथ सिंह बोले- दिनोंदिन बढ़ रहा रक्षा सहयोग

राजनाथ सिंह ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है।सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन इन दिनों अपने तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली में हैं। यहां आज उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, उन्हें नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर मिला। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। इस वार्ता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का



प्रमाण है। अब दोनों देशों के रक्षामंत्रियों की यह बैठक यह ऐसे समय में हो रही है जब भारत की एक्ट ईस्ट नीति के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस नीति के तहत सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने और क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। साझेदारी और तीनों सेनाओं के बीच केंद्रित रक्षा सहयोग तंत्र और निरंतर जुड़ाव के जरिए यह दिनों दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारी आज की बैठक हमारे द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम को गति प्रदान करेगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय सुरक्षा वास्तुकला को भी मजबूत करेगी पिछले महीने सिंगापुर में आयोजित भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंडअप टेबल की दूसरी बैठक में हमारे सहयोगियों द्वारा हासिल की गई सफलता से मेल खाएगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की नई पहल, उपलब्ध कराई 200 विशेष किट

ताजनगरी में आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नई पहल की है। उन्होंने आगरा और फिरोजाबाद के 200 केंद्रों के लिए विशेष किट उपलब्ध कराईं है। उत्तर प्रदेश के आगरा में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 90वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के लिए एक नई पहल की है।



उन्होंने आगरा और फिरोजाबाद में 100-100 विशेष किट भेंट कीं। ये किट आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के विकास, उनके स्वास्थ्य और व्यक्तित्व के लिए आवश्यक हैं। आगरा और फिरोजाबाद के सीडीओ को उन्होंने यह किट सौंपी। फिरोजाबाद के सीडीओ ने उन्हें बताया कि वह उनकी प्रेरणा से पूरे जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में इस तरह की किट उपलब्ध कराएंगे। आगरा में सिर्फ 300 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे बचे हैं, जहां ऐसी किट मौजूद नहीं है। आगरा की सीडीओ प्रतिभा सिंह ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि वह भी सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तक किट पहुंचाएंगीं। इस किट में शीश, कंघा, रुमाल, नेल कटर, डिटॉल और सेफ्रेमायकिन जैसी दवाएं हैं। जो किसी भी बच्चे को अचानक चोट लगने या उसके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों से कई बच्चों को बुलाया। आगरा में पांच गांव के बच्चों के बीच स्पर्धा कराई थी। उस स्पर्धा में विजेताओं को राज्यपाल ने मंच पर बुलाकर पुरस्कृत किया। कहा कि उन्हें मंच पर सिर्फ इसलिए बुलाया गया, ताकि वह उच्च शिक्षा के छात्रों के गले में पड़े मेडल को देखें। खुद भी ऐसे ही मेडल प्राप्त करने के लिए प्रेरित हों। उन बच्चों को विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखी गईं कई पुस्तकें भी भेंट की गईं।

## अखिलेश यादव ने महिला सुरक्षा को लेकर यूपी सरकार को घेरा, बोले- प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए और कहा कि महिला सुरक्षा के मामले में ये सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है।यूपी में उपचुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों में बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर



सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो चुकी है। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में ये सरकार पूरी तरह असफल साबित हुई है। प्रदेश में आए दिन महिलाओं के खिलाफ अपराध की खबरें आती हैं लेकिन सरकार कुछ नहीं करती है। उन्होंने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को सुरक्षा देने में असफल साबित हुई है। कटेहरी विधानसभा सीट के लिए दाखिल हुआ नामांकन- इसके पहले, अंबेडकरनगर के कटेहरी कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दो सेट में पर्चा भरा। सांसद लालजी वर्मा, पूर्व मंत्री विधायक राम अचल राजभर, पूर्व सांसद विधायक त्रिभुवन दत्त और पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव के साथ नामांकन करने के बाद शोभावती ने कहा

कि कटेहरी की जनता उनके साथ है। जाति धर्म से ऊपर उठकर मतदाता उनका साथ देंगे। बसपा प्रत्याशी ने भी भरा पर्चा- कटेहरी उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी मंगलवार दोपहर बाद अपना परचा दाखिल कर दिया। कटेहरी से 2012 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अमित इस बार बसपा से मैदान में हैं।


## संपादकीय Editorial

# Who threshold Delhi?

Outside the CRPF school in Delhi, there was such an explosive explosion that the capital arose and had to be declared 'alert' throughout Delhi. The explosion took place at Prashant Vihar, Rohini. This area is located just 800 meters away from Outer Ring Road and is counted in major markets. Thankfully, it was around 7 am and Sunday was a holiday. However, people were present in their homes to celebrate 'Karva Chauth' festival. There was almost silence on the road, because the movement was negligible, but the explosive blast was so fierce that the school wall collapsed and there was a deep pit. Around 15 closed shops, boards and glass were damaged. The echo of the blast for about 3 kilometers was heard. Those who were walking in the surrounding park, they once heard the sound of the blast and became numb. It is a matter of honor that no casualties or injured, yet cannot consider it a normal event. A day earlier on Saturday, near the spot, a crowd of women was creating a mehndi of 'Karva Chauth'. People used to erect their cars at the scene and used to eat these dishes at the shop of Pudi-Sabzi in front. Parents and others who came to school used to plant their vehicles by adjacent to the wall of the scene. There was a prayer inside the school towards the wall. If the blast day and time were something else, heavy destruction was almost certain. This cannot be merely causing panic or giving any message or mischievous event. This can also be a terrorist attack. Investigation agencies are investigating from this angle. The Lieutenant Governor of Delhi has ordered an inquiry into the multi - agencies. Bomb disposal squad and expert dog squad have also played their role in investigation. However, NSG, NIA, Special Branch of Delhi Police, Forensic Lab, Intelligence Bureau etc. have taken samples from the spot for initial investigation. CCTV footage has been searched. Evidence is being collected. The explosive explosion occurred after the September 7, 2011 terrorist attack, hence surprising and fear. If the 'needle of doubt' lasts on the terrorist attack, then what can the terrorist faction be? Or what can be the purpose of this conspiracy attack? There have been a dozen explosive explosions in Delhi during the last 20 years. There were only three such attacks in which there was a lot of loss of life and property. The 2011 terrorist attack took place around 10.15 am at gate number 5 of the Delhi High Court. The explosion killed 17 people and injured 76 people. After that there was no major terrorist incident in Delhi. Now this is the festive season of Deepawali. This explosive explosion has raised Delhi's concerns. Crowds are gathering for shopping in the markets, so the security of the crowd is the most important challenge. Take the example of Sadar Bazar, then 3-4 lakh people come there to shop everyday. Terrorist attacks have been carried out on Delhi markets. However, white powder -like chemicals have been found from the spot. Some wires have also been recovered. What has been revealed in the investigation so far is pointing to the home bomb, which was low in intensity and he exploded prematurely. We will not go to any conclusion, as all agencies do not agree on the conclusion of the bomb. The question is also whether our security forces are on the target of terrorists? Is this why the CRP school was targeted? It is reported that PTM was to be organized in this school on Monday 21 October, in which a large number of parents were expected to come. If this explosion proves to

# Our old tradition is philanthropy, social service is part of the lives of Indians

The cars of Balaji Kunba have a banner with a picture of Hanumanji on the cars. On which 'Balaji Kunba-A family is written against hunger'. The people of Jugaad village do money for Bhandare. It is clear that philanthropy and social service is part of the life of us Indians. You will not find any bhandara anywhere in America or Europe. After the death of Ratan Tata, his philanthropic works are being discussed a lot. Not only the Tata group, but many small and big businessmen of India will be found engaged in some philanthropy related work at their level. It would be wrong to say that our businessmen, rich people etc. learned the spirit of benevolence from Western traders. It is a promotion of some ignorances that Baren Buffet, Bill Gates etc. are the philanthropis of business philanthropy. If this had happened, Jamshedji Tata would not be known as the biggest donor of the last century. The tradition of philanthropy in India has been deeply rooted since ancient times. We are going to believe in 'Survey Bhavantu Sukhin: Survey Santu Niramaya'. Even today, you will find many people who believe in the first roti cow mother. Donation, service and philanthropy have been an important place in every aspect of religion, culture and society. In texts such as Vedas and Upanishads, philanthropy is described as charity and service. Donation and service are very important in Sanatan Dharma. Out of Brahmacharya, Grihastha, Vanaprastha and Sannyas, Philanthropy is considered to be the main goal of life in Vanaprastha and Sannyas. In Jainism, charity has been associated with the principle of non -violence. In Buddhism, charity also has great importance, which is for the welfare of all beings. Lord Buddha showed the path of charity, service and non - violence during his lifetime. Guru Nanakdevji and other saints also emphasized philanthropy. Gandhiji emphasized the principle of 'Sarvodaya' and worked throughout his life for the service and development of the villagers. Like Ratan Tata, hundreds of industrialists like Birla, Azim Premji, Nandan Nilekani, Shiv Nadar donate thousands of crores of rupees every year for the work related to philanthropy. Social service is in the DNA of our businessmen. Established by Tata Group founder Jamshedji Tata, this group made social service an integral part of its actions from the beginning, which is now playing their third generation. Jamshedji's inspiration was Swami Vivekananda. Swami Vivekananda described service for the unhappy people as supreme religion. He believed that social service is true religion. He established the Ramakrishna Mission, which still provides social services in various fields in India. When Vivekananda was visiting India before going to the Sarva Dharma Sammelan of Chicago, it is not an institution that provides higher science education in South India. He thought that Jamshedji Tata would be suitable in this work. He wrote a letter to him before going to Chicago, 'You are earning good money from Jamshedpur in Bihar. My best wishes are to earn more money and give employment to more people, but also worry a little bit of South India deprived of higher education of science and establish a good institute of science and research. You can do this and believe that you will do the same. "After reading this inspiring letter of Swami Vivekananda, Jamshed started the Institute of Science in Bengaluru, which is known today as the Indian Institute of Science. Ghanshyam Das Birla set up her industry with the blessings of a fakkad monk. With the blessings of the same monk, the Birla group is still doing 'Karni and Barani' work. It has a positive impact in various areas of society through its charitable functions, which is contributing significantly to the development of the country. Many charitable institutions were established by kings and rich in medieval India, which were dedicated to healthcare, education and help of the poor. You get piau, schools, colleges, clinics and Dharamshalas etc. running in villages, towns, city. We also cannot ignore how common and special people donated and helped people during the Kovid epidemic. Just a few days ago Sharadiya Navratri concluded. During this time, Bhandare continued in all the cities of the country. The socialist system in stores is really very impressive. Prasad is distributed in stores. Delhi, the capital of the country, is also the capital of the stores. It is said that Cassette King Gulshan Kumar renovated the Bhandara culture. He started organizing Bhandare at Vaishno Devi. Bhandara in itself breaks caste and class walls. One special thing about the stores is that Prasad from them, Hindus, Muslims, Sikhs and Christians all receive them. In Pilaji village of South Delhi, some youths established an organization called 'Balaji Kunba' a few years ago. Its aim is to satisfy hunger for hunger. They provide full food to the Timardars in front of AIIMS, Safdarjung Hospital, Ram Manohar Lohia Hospital every day. The cars of Balaji Kunba have a banner with a picture of Hanumanji on the cars. On which 'Balaji Kunba-A family is written against hunger'. The people of Jugaad village do money for Bhandare. There are so many organizations across the country. It is clear that philanthropy and social service is part of the life of us Indians. You have no bhandara anywhere in America or Europe will get.



# Importance of BRICS for India, useful as quad to reduce China's dominance

In the early years of BRICS, China was less powerful than today and was considered to be India's partner. At that time, all emerging economies unitedly seemed to be a dream of making collective bargains from developed countries, while in the current era, China is in the process of supremacy over BRICS. In such a situation, there is no apprehension that China can make it a means of fulfilling its vested interests. BRICS's 16th summit is going to be held in Russia. Prime Minister Narendra Modi will participate in it. This year's BRICS meeting matters special, as this is the first time after South Africa became a full member in 2010 when four new members in the form of Iran, Egypt, Ethiopia and United Arab Emirates will be involved in summit. Bricks, known by the first letter of the name of their founding countries, were first bricks and now the BRICS is also expanding. It is clear that due to the increase in members, there will be a difference in politics and working style of this group. India is keen to play an active role in its operation with a new direction and shape to the BRICS. The main theme of the BRICS summit is to strengthen polymorphism. Today, the multilateral authenticity of the BRICS has increased in comparison to the first compared to nine members. Representation of major countries in West Asia and Africa has diversity in the image and approach of the organization, which is a sign of progressiveness. However, with this, challenges can also arise in consensus and decisive. China and Russia did not hide the figure of thirty -six with the US. Both of them want the extended BRICs to form a strong front against the West and raise their voice against the hypocrisy of Western powers. If China's bus would have been, by giving membership to many developing countries including Pakistan, the BRICS could make a thorn of developed countries, but India did not allow it to be indiscriminately expanded. He is preventing BRICS from becoming an ideological platform, taking care of his strategic partnerships with the US and Europe. Although India managed to reach an agreement with China over the patrolling of soldiers on the border, long -term competition and tension between the two countries will continue and it may also be reflected in the BRICS. India and Brazilian ideology are beyond the focused point of view in internal tug of war and are trying to prioritize new undertakings related to practical cooperation and development in the BRICS agenda. India is focused on mutual coordination and mutual profit in developing countries on issues like finance, trade, agriculture and technology. Egypt, Ethiopia and Emirates are close to India to realize this vision. Although India also has a strategic partnership with Iran, the ongoing war in West Asia and Iran's struggle to Israel's close to America indicates that Tehran's inclination will be towards China and Russia. If two other countries- Argentina and Saudi Arabia also come under the purview of BRICS, then India's upper hand can be heavy. These countries have been invited to become members, but they are right now. India is also busy preparing the outline to build a consensus on the list of new partner countries in BRICS. Given the expansionist attitude of China, it is very important to select new countries and decide the path of membership, as this process can decide to compete with the leadership of the developing world. The Modi government has established India as a true friend and vocal voice of developing countries and has shown the format of India differently from China, whose nature is far more inclusive and shared interests. These efforts of India are notable because China wants to fulfill its plans by increasing its penetration among developing countries. Some critics have a question that due to the strong presence of China in BRICS, what will India benefit from such an institution? There is no doubt that quad is far more useful and important for India than BRICS from Bhurajiti and Strategic perspective, but India BRICS is more useful and important for India, but from agreeing on the steps necessary to conduct a global campaign against terrorism to peace and stability in warfast areas in warfare areas. He is also raising his voice on the stage of. Through this, the expected fulfillment of India's security interests does not seem possible. As long as Russia remained completely in the court of India, India continued to get some success in the balance of China's challenge, but now Russia has become so dependent on China that it is not practical to find a response to the Chinese challenge. Ancient Chinese strategist Sun Joo had said that the emperor should 'keep friends closer, but the enemies should be kept closer than that, so that their activities and panties are estimated to be estimated to compete with China's expansionism. Groups have direct and clear mandat, but BRICS is also extremely important to reduce China's dominance between indirectly and especially developing countries. It should be a clear goal of Indian diplomacy that no one country has to be dominated in BRICS and the process of getting economic.

# विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कराया गया

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाब चंद्र के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कराया गया।




आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार 29- कुंदरकी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 436 बूथों के लिए आवश्यकता के सापेक्ष 140 प्रतिशत बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट चिन्हित की गई। इसी प्रकार वीवीपैट की आवश्यकता के सापेक्ष 150 प्रतिशत वीवीपैट भी चिन्हित की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर अलग से बैंक खाता खुलवाने के निर्देश हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह ने मुख्य शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक तथा लीड बैंक मैनेजर को भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के संबंध में निर्देशित किया है कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा एवं खाता खोलते समय ही चेक बुक उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के इन दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जनपद की सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया है। 29-कुंदरकी विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वर्तमान में जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले में जब्त की गई नकद धनराशि को निर्धारित प्राविधानों के अनुरूप जनसुनवाई कर अवमुक्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुज सिंह द्वारा टीम का गठन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गठित टीम में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव के साथ साथ मुख्य कोषाधिकारी श्रीमती रेनू बौद्ध और वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा श्री राकेश कुमार मौर्य को सम्मिलित किया गया है।

# चंदौसी में हंगामा: हिंदू कारोबारियों को परेशान किया तो कर लेंगे धर्मपरिवर्तन, खाद्य विभाग की टीम से नोकझोंक

मुरादाबाद चंदौसी में दीपावली पर मिलावट रोकने गई खाद्य सुरक्षा टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने प्रशासन पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी।




नोकझोंक के बाद टीम वापस लौट गई। चंदौसी में दीपावली पर मिलावट रोकने के लिए मिठाइयों का सैंपल लेने पहुंची टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने प्रदर्शन कर प्रशासन पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। साथ ही सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन करने की चेतावनी दी। इस दौरान व्यापारियों और एफएसओ के बीच नोकझोंक भी हुई। विरोध के बाद टीम वापस लौट गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामजीत सिंह ने मंगलवार की दोपहर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए अभियान चलाया। ब्रह्म बाजार में टीम ने दो प्रसिद्ध हलवाई की दुकान से मिठाई के सैंपल भरे।इसकी जानकारी व्यापारियों को हुई तो हलवाई एसोसिएशन के अध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय की अगुवाई में विरोध करने पहुंच गए। व्यापारियों ने प्रशासन पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय ने कहा कि त्योहार पर ही व्यापारियों को परेशान किया जाता है। जीएसटी टीम हो या बिजली विभाग, सभी को त्योहार पर ही अभियान याद आता है। इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं होती। टीम पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। साथ ही सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन करने की चेतावनी दी। इस दौरान एफएसओ और व्यापारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। विरोध के बाद टीम वापस लौट गई। प्रदर्शन करने वालों में कौशल कुमार, प्रमोद गांधी, नवीन कुमार, मनोज कुमार, शोभाराम, हीरालाल, दिलीप दादा, संजीव कुमार आदि रहे।

## बदमाशी: छात्र ने दिया हॉस्टल से प्रधानाचार्य के निकलने का सिग्नल, दोस्तों ने घेर डंडों से पीटा, फोड़ दिया सिर

अमरोहा में निजी स्कूल के प्रधानाचार्य को निष्कासित छात्रों ने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडे और रॉड से बुरी तरह पीटा। गंभीर रूप से घायल प्रधानाचार्य अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।स्कूल के हॉस्टल से निकले निजी स्कूल के प्रधानाचार्य को निष्कासित दो छात्रों ने साथियों के साथ मिलकर बुरी तरह पीटा। लाठी डंडे और रॉड मारकर सिर फोड़ दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। लहूलुहान प्रधानाचार्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपी छात्रों की तलाश में जुट गई है। बिजनौर जनपद के शिवाला कलां थानाक्षेत्र के मलेशिया गांव के रहने वाले सचिन चौधरी अमरोहा नौगांवा सादात रोड स्थित जियोन इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। सोमवार की शाम करीब छह बजे सचिन चौधरी हॉस्टल से गजस्थल स्थित मंदिर बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही मखदूमपुर से निकलकर नसीर नंगला रोड पर पहुंचे, यहां पहले से तीन बाइकों पर सवार 6-7 युवकों ने उन्हें रोक लिया। इससे पहले सचिन चौधरी कुछ समझ पाते, आरोपियों ने लाठी-डंडे और रॉड से पीटना शुरू कर दिया। धारदार हथियार से सिर फाड़ दिया। घटना में सचिन चौधरी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। तभी आरोपी की जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। राहगीरों ने सचिन चौधरी को अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि कॉलेज से निष्कासित चल रहे कक्षा 12 के दो छात्रों ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। छानबीन में ये भी स्पष्ट हो गया कि आरोपी छात्रों को हॉस्टल के ही एक छात्र ने प्रधानाचार्य के हॉस्टल से बाहर निकलने की जानकारी दी थी। इस मामले में पीड़ित प्रधानाचार्य सचिन चौधरी ने आरोपी छात्र और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मामले में दो नामजद छात्र और उनके कुछ अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीएससी का छात्र निकला मास्टरमाइंड: यूट्यूब पर वीडियो देखकर छापने लगे नकली नोट, बाजार में हजारों रुपये खपाए

मुरादाबाद पुलिस ने नकली नोट छापने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने यूट्यूब देखकर यह काम सीखा था। आरोपियों ने अब तक 70 हजार रुपये के नकली नोट बाजार में चला दिए थे। त्योहार के मौके पर बड़ी मात्रा में नकली नोट खपाने की योजना बना रहे थे। मुरादाबाद पुलिस ने नकली नोटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उसने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मूल रूप से अमरोहा निवासी नकली नोट छापने के आरोपी मो. सलमान और बिलाल ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट छापना सीख लिया।उन्होंने ऐसे स्थान को अपना ठिकाना बनाया, जहां लोगों का आना-जाना कम है। दोनों रात में नोट छापते और सुबह मकान पर ताला लगाकर गायब हो जाते थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह अब तक 70 हजार से ज्यादा के नकली नोट बाजार में चला चुके हैं। अब त्योहार पर बड़े पैमाने पर नकली नोट खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की गिरफ्त में आया बिलाल अमरोहा में मोहल्ला नल का रहने वाला है। वह बीएससी उत्तीर्ण कर चुका है। वह लंबे समय से रोजगार की तलाश में है, लेकिन रोजगार नहीं मिल पा रहा था। एक दिन वह यूट्यूब पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान ऐसा वीडियो देखा जिसमें नोट छापने में बारे में विस्तार से समझाया जा रहा था। उसने कई बार वीडियो देखा। इसके बाद उसने मन में नकली नोट छापने के लिए विचार आने लगा। तब उसने अपने साथी सलमान से संपर्क किया। सलमान अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के गौसपुर मिलक का निवासी है और वर्तमान में पाकबड़ा की ख्वाजा कॉलोनी में रहता है। दोनों ने लंबे विचार के बाद नोट छापने के लिए सामान जुटाना शुरू कर दिया था। नया मुरादाबाद स्थित एक मकान को किराये पर लिया और नोट छापने का सेटअप लगाया। शुरुआत में इतने अच्छे नोट नहीं छाप पाए, लेकिन धीरे-धीरे नकली नोट असली की तरह छापने लगे थे। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि अब तक 70 हजार रुपये के नकली नोट छापकर बाजार में चला चुके हैं। जांच के लिए एटीएस, एसटीएफ समेत कई एजेंसियां पहुंचीं- पाकबड़ा में नकली नोट छापने वाले लोगों के पकड़े जाने के बाद पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी अलर्ट हो गईं। एलआईयू, एटीएस और एसटीएफ की टीमों ने भी पाकबड़ा पहुंचकर आरापियों से पूछताछ की। इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। सीओ हाईवे कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पुलिस के अलावा अन्य एजेंसी भी इस मामले में अपने अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुट गई हैं। नकदी नोटों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार- पुलिस और एसओजी ने नया मुरादाबाद में रविवार देर रात एक मकान पर छापा मारकर नकली नोट छाप रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 2.28 लाख रुपये के नकली नोट, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन, स्कैनर और अन्य सामान बरामद किया। आरोपियों ने नकली नोट छापने का पूरा सेटअप लगा रखा था। पुलिस आरोपियों के साथियों की तलाश में जुटी है। सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता के बताया कि रविवार रात पुलिस और एसओजी ने पाकबड़ा क्षेत्र में नया मुरादाबाद सेक्टर सात स्थित एक मकान में दबिश दी। पुलिस ने यहां से पाकबड़ा के ख्वाजा कॉलोनी में रह रहे अमरोहा जनपद के डिडौली थाना क्षेत्र के गौसपुर की मिलक निवासी सलमान और अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी बिलाल अहमद को गिरफ्तार किया। आरोपी यहां पिछले चार-पांच माह से नकली नोट छाप रहे थे। मौके से 500 के 423 और 100 के 168 नकली नोट बरामद किए गए हैं। आरोपी बिलाल अहमद बीएससी पास है, जबकि सलमान हाईस्कूल फेल है। आरोपियों ने बताया कि वह धनतेरस और दिवाली पर बाजार में खपाने के लिए नकली नोट छाप रहे थे। सोमवार दोपहर बाद पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।



# मैंने पत्नी की हत्या कर दी है- तीन बच्चों के साथ थाने पहुंच गया आरोपी, कहा- उसके किसी अन्य के साथ थे संबंध

हजरतनगर गढ़ी में युवक ने पत्नी की चाकू गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीन बच्चों के साथ थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के सिरसी अंतर्गत मोहल्ला चौधरियान निवासी सोनू ने मंगलवार को पत्नी राखी ( 27 ) की चाकू से गर्दन काटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी तीन बच्चों को साथ लेकर थाने पहुंच गया।



जहां उसने आत्मसमर्पण कर पत्नी की हत्या का गुनाह भी कबूल किया। पुलिस जानकारी होते ही घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़ी। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने थाने पहुंचकर आरोपी से भी पूछताछ की। महिला के मायके वालों के आने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्मसमर्पण करने के लिए थाने पहुंचे आरोपी सोनू ने बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार की गुजर करता है।मंगलवार की दोपहर पत्नी से विवाद हो गया था। इसी दौरान चाकू से उसकी गर्दन पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने यह हत्या पत्नी के संबंध किसी अन्य के होने के चलते की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वहीं, दूसरी ओर मृतका के पिता मुरादाबाद के थाना कटघर अंतर्गत गांव दौड़बाग निवासी चंद्रपाल ने बताया कि उनकी बेटी की हत्या मकान के बंटवारे के विवाद में की गई है। बेटी का पति गलत आरोप लगा रहा है। बताया कि सोनू का अपने भाइयों के साथ मकान का बंटवारा हुआ है। मकान चार लाख रुपये में तय हुआ था। इसमें तीन लाख रुपये मकान और अन्य संपत्ति के सोनू के हिस्से में आए थे। एक लाख रुपये सोनू को देकर मकान बेटी के नाम कराने के लिए कहा था। यही विवाद काफी दिनों से चल रहा था। मंगलवार का सोनू ने अपने परिजनों के साथ मिलकर हत्या कर दी। एएसपी श्रीश्चंद्र का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लिया है। महिला के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### देहरादून गैंगरेप पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाला सौतेला भाई हुआ गिरफ्तार

मुरादाबाद- जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में रहने वाली मानसिक रूप से कमजोर किशोरी के साथ देहरादून में गैंगरेप से पहले उसके सौतेले भाई ने दुष्कर्म किया था। सोमवार को मूंढापांडे थाना पुलिस ने सौतेली बहन से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। थाना मूंढापांडे क्षेत्र के मजदूर की बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। वह घर से निकल कर उत्तराखंड के देहरादून पहुंच गई थी। किशोरी 12 अगस्त की रात रोडवेज बस में बैठी थी। बस देहरादून अड्डे पर रात में पहुंची। जिसमें सभी सवारियां उतर कर चली गई। इस दौरान उसे बस में अकेला पाकर बस के संविदा चालक, परिचालक व कैशियर सहित पांच कर्मचारियों ने गैंगरेप किया था। देहरादून पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाद में थाना मूंढापांडे के अपराध निरीक्षक कृष्ण कुमार ने पीड़िता के बयान दर्ज किए। जिसमें उसने बताया कि गैंगरेप से पहले उसके साथ उसके सौतेले भाई ने दुष्कर्म किया था। विवेचना में इसकी पुष्टि हुई है। थाना मूंढापांडे के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### प्रेमी की बेवफाई से परेशान युवती ने रेलवे स्टेशन पर खाया जहर, जिला अस्पताल में भर्ती...हालत नाजुक

मुरादाबाद- जिले में एक प्रेमी की बेवफाई का मामला सामने आया है। जिस प्रेमी के खातिर प्रेमिका अपना घर छोड़कर रेलवे स्टेशन पहुंची उसने कॉल करके प्रेमिका से शादी करने से इनकार कर दिया। इससे परेशान प्रेमिका ने रेलवे स्टेशन पर ही जहर खाकर जान देने के प्रयास किया। युवती को गंभीर हालत में जीआरपी पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी यामनी का लंबे समय से अपने इलाके के रहने वाले युवक विनय संग प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को पता चला तो उन्होंने विरोध किया गया। इसके बाद दोनों ने घर से भाग कर शादी करने का मन बना लिया। प्रेमिका अपना घर छोड़कर प्रेमी से शादी करने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची। लेकिन प्रेमी ने कॉल कर शादी से इनकार कर दिया। मोबाइल स्विच ऑफ कर बेवफाई कर डाली। प्यार में धोखा मिलने पर प्रेमिका ने रेलवे स्टेशन पर ही न खाकर जान देने का प्रयास किया। यात्रियों द्वारा उसको दवा खाता देख जीआरपी पुलिस को सूचना दी। आनन फानन में जीआरपी पुलिस इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रेमिका यामनी का कहना है कि वह प्रेमी से धोखा मिलने के बाद वह जीना नहीं चाहती।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

# राजकीय इंटर कॉलेज में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

क्यूँ न लिखूँ सच

हाफिजगंज। राजकीय इंटर कॉलेज हाफिजगंज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं, महात्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत साकार संस्था एवं एस आई अरविंद बाबू ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं महिला सहायता के लिए बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया । सबसे महत्वपूर्ण महिलाओं के साथ मारपीट करना छोटी बालिकाओं के साथ गुड -टच बेड- टच करना लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करना ,अभद्र टिप्पणी करना ,अश्लील हरकतें करना, फोन कॉल, मैसेज द्वारा ब्लैकमेल करना आदि के बारे में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जैसे कन्या सुमंगला योजना, मातृशक्ति वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आपातकालीन सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी । मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर दस छिहत्तर पुलिस सहायता के लिए एक सौ बारह वूमेन पावर लाइन नंबर दस नब्बे,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर दस अट्ठानवें,एंबुलेंस सेवा एक सौ आठ स्वास्थ्य सेवा एक सौ बारह साइबर अपराध उन्नीस सौ तीस आदि महत्वपूर्ण नम्बरों की जानकारी दी। वहीं छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से पूछा अगर हमने किसी की शिकायत की तो वह हमें और ज्यादा परेशान करेगा।तो पुलिस ने बताया पीड़ितों का नाम गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने बताया थाने पर मौजूद महिला हेल्प डेस्क सदैव मदद और जानकारी के लिए तैयार रहता है।इस दौरान साकार संस्था से रिजवान खान,महिला सुरक्षा के लिए विशेष दल थाने में तैनात महिला हेड कांस्टेबल रश्मि,आरक्षी रूपदेई ,मीनू सिंह , मीनू पुनियाआदि स्टाफ मौजूद रहा।




# कलेक्ट्रेट में हड़कंप, भूमाफिया से संबंधित शिकायत लेकर आई महिला

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। जिला अधिकारी के पास शिकायत लेकर पहुंची एक 75 वर्षीय वृद्धा की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया। नगर मजिस्ट्रेट और महिला थाना अध्यक्ष तुरंत अस्पताल पहुंचे और महिला का हालचाल लिया। इस घटना ने पूरे दिन कलेक्ट्रेट में चर्चा का माहौल बना दिया। बताया जा रहा है कि पीड़िता, उर्मिला देवी, निवासी कायमगंज, अपने मंदबुद्धि पुत्र के हिस्से की जमीन के साथ किए गए धोखाधड़ी के मामले में न्याय की गुहार लगाने कलेक्ट्रेट पहुंची थी। उर्मिला देवी ने अपने शिकायती पत्र में भूमाफियाओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि भूमाफिया उनके मंदबुद्धि पुत्र को लड़की दिखाने के बहाने मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें भी अपने साथ ले जाया गया। पीड़िता के बड़े पुत्र बृजेश ने कहा था कि लड़की दिखाने के बाद उनके भाई को सुरक्षित घर छोड़ दिया जाए, लेकिन भूमाफियाओं ने दोनों को मैनपुरी ले जाकर, फिर जबरन कायमगंज तहसील लाकर उर्मिला देवी के पुत्र के हिस्से की जमीन का बैनामा एक मधु चौहान नामक व्यक्ति के नाम करा दिया। आरोप यह भी है कि इस प्रक्रिया में फर्जी आधार कार्डों का उपयोग किया गया और बैनामा के बदले कोई पैसे नहीं दिए गए। मंगलवार को, यह गंभीर शिकायत लेकर उर्मिला देवी जिला मुख्यालय पहुंची थी, लेकिन शिकायत दर्ज कराने के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। कलेक्ट्रेट अधिकारियों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत महिला को लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार है। घटना के बाद नगर मजिस्ट्रेट और महिला थाना अध्यक्ष ने अस्पताल में पहुंचकर वृद्धा की स्थिति का जायजा लिया। इस घटना ने कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों और आम जनता के बीच भारी चिंता और चर्चा का माहौल पैदा कर दिया है। मामले की जांच जारी है, और वृद्धा के साथ हुए धोखाधड़ी के आरोपों को गंभीरता से लिया जा रहा है। भूमाफियाओं द्वारा गरीब और असहाय लोगों की जमीनों पर कब्जा करने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन इस घटना ने प्रशासन की कार्यशैली और आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।





# शुकुरुल्लाहपुर में बने रेलवे के ओवरब्रिज में पाई गई गड़बड

क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद/शमसाबाद।शुकुरुल्लाहपुर रेलवे क्रॉसिंग पर सेट निगम ने ओवर ब्रिज का निर्माण कराया है। ओवर ब्रिज के मानक को जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को लगाकर सड़क की खुदाई कराई। पुल पर कई जगह उछाल भी अधिक मिली। शमशाबाद ब्लॉक के गांव शूकरुल्लापुर में बने ओवर ब्रिज को अभी पीडब्ल्यूडी को हैंड ओवर नहीं किया गया है। सड़क पर कई जगह उछाल अधिक होने के कारण कई बार बाइक सवार पुल से नीचे गिरकर घायल हो चुके है। तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। अब इसकी जिम्मेदारी सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग को दी जा रही है।

इसी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों को लगाकर कई जगह सड़क की खुदाई कराकर मानक चेक किया। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता श्री कृष्णा राजपूत ने बताया कि सेतु निगम के कर्मचारियों द्वारा जो मानक दिया गया है उसे सड़क की खुदाई कराकर चेक किया जा रहा है। जो सड़क बनाई गई है उसमें कई जगह उछाल अधिक है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसको सही करने के लिए सेतु निगम को पत्र लिखा जाएगा। जिससे हो रही घटनाओं को रोका जा सके। जांच के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जैसा निर्देश वैसा पालन किया जाएगा।

# तीन दिवसीय अंतर-विद्यालयी वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। पदमावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार से तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया।मैच के पहले दिन बरेली के 34 स्कूलों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम , मयूर धीरवानी प्रेसिडेंट आई. आई. ए. , विशेष अतिथि निर्भय सिंह बेनीवाल प्रेसिडेंट आई. एस. ए.,डॉ. अंकित बग्गा सेक्रेटरी आई. एस. ए. , सौभाग्य चौधरी ट्रेजरार आई. एस. ए. , स्कूल के संस्थापक जगदीश अरोरा, अध्यक्ष पारूष अरोरा, डायरेक्टर पार्थ अरोरा,प्रिंसिपल ममता सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल शिवानी सूरी को-आर्डिनेटर वैशाली गुप्ता के अलावा टीमों के कोचों ने संयुक्त से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का आगाज किया। स्कूल के संस्थापक जगदीश अरोरा ने मेयर डॉ. उमेश गौतम का अभिनंदन करते हुए उन्हें तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। बच्चों ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के पहले दिन 31 मैच हुए। जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग में सोबती पब्लिक स्कूल, पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल और ब्लू वर्ड स्कूल ने क्वार्टर फाइनल क्वालिफाई किया तथा अंडर 19 बालिका वर्ग में पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा राधा माधव पब्लिक स्कूल ने सेमीफाइनल क्वालिफाई किया।



# न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में जल्लापुर का जलवा कायम

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।न्याय पंचायत क्यारा की खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर रामदयाल के खेल प्रांगण में संपन्न हुई। न्याय पंचायत क्यारा खेल प्रभारी सुरेश कुमार , व्यायाम शिक्षक महावीर प्रसाद , सुंदर लाल सागर , विनोद कुमार , रेनू गुप्ता , सपना वर्मा ,आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम को आरंभ किया। जिसमें न्याय पंचायत के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर रामदयाल ओवरऑल रहा चैंपियन बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शगुन क्यारा छोटू शर्मा जल्लापुर,कौशल मानपुर चिकटिया। 100 मीटर दौड़ में नैतिक लखौरा, शिवम जल्लापुर ,अनमोल मानपुर चिकटिया 200 मीटर दौड़ में प्रियांशु क्यारा,मोहित जल्लापुए,अनुज मानपुर चिकटिया। 400मी. दौड़ में हरिओम जल्लापुर,शिवांश क्यारा,संजय बरकलीगंज लंबी कूद में राहुल बारीनगला,मोहित जल्लापुर,शिवांश क्यारा कबड्डी में जल्लापुर प्रथम,क्यारा सेकंड खो- खो में क्यारा फर्स्ट, जल्लापुर सेकंड बालिका वर्ग 50मी.दौड़ में अनिका क्यारा,सुरभि बारीनगला,नेहा जल्लापुर। 100 मीटर दौड़ में विकाशी क्यारा,प्राची बारीनगला,मोनिका बरकलीगंज। 200मीटर दौड़्रोली जल्लापुर,उन्नति क्यारा,सोनी बारीनगला। 400मीटर दौड़ में राधा जल्लापुर, मानवी क्यारा,मोनिका बरकलीगंज लंबी कूद में राधा जल्लापुर,सुरभि बारी नगला,राशि क्यारा कबड्डी में जल्लापुर फर्स्ट, क्यारा सेकंड।खो -खो में क्यारा फर्स्ट, जल्लापुर सेकंड। खेल प्रतियोगिता निष्पक्ष एवं शांतपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विजेता-उप विजेता टीम को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया । प्राथमिक विद्यालय जल्लापुर के प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद और उनके समस्त स्टाफ का बहुत -बहुत आभार जिन्होंने इतनी सुंदर खेल प्रतियोगिता की व्यवस्था साथ ही सभी को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने निर्णायक की भूमिका निभाने वाले साथी,मनोहर लाल सागर ,रेनू ,रेखा रानी सूरज मौर्य , विजय सिंह ,शैलेश सिंह ,विजय कुमार अग्रवाल ,नीरू जायसवाल ,कल्पना चौहान ,नीरज कुमार , भारत बाबू ,सुमित कुमार बलवीर सिंह ,प्रदीप कुमार मथुरिया , शिखर शर्मा, अशोक गुर्जर आदि स्टाफ मौजूद रहा।







# नगर पंचायत शमसाबाद द्वारा बनाए जा रहे नाले का निर्माण कार्य के मानक में हो रही गड़बड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/शमसाबाद।नगर पंचायत शमशाबाद द्वारा बनवाए जा रहे नाले का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो रहा था। इस खबर को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अवर अभियंता ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। ठेकेदार को मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत शमशाबाद द्वारा मोहल्ला घटियापुर में 36 लाख रुपए की कीमत से 400 मी नाला का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें ठेकेदार के द्वारा मात्र दो सरिया डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। मानक के अनुसार काम न होने पर समाचार पत्रों ने इस खबर को प्रमुख रूप से प्रकाशित किया था। जिसका अधिकारियों ने संज्ञान में लिया। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। ठेकेदार को मानक के अनुसार काम करने की निर्देश दिए। अवर अभियंता श्री कृष्णा राजपूत ने बताया कि नाला निर्माण मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा था। अगर वह उसे सही नहीं करेंगे तो उनके भुगतान पर रोक लगाई जाएगी। इसकी पैमाइश भी नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं संबंधित अधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली- जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को प्राप्त जन शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। समस्त सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिए गए कि जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये। जनसुनवाई के दौरान जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने तथा जनसुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिए गए और बताया गया कि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए



### गेस्ट हाउस में आतिशबाजी की फैक्ट्री में माल बरामद-भतीजे व मजदूर गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविंद शुक्ला

